RETHINK EDUCATION
North Carolina Department of Public Instruction

# परिवारों के लिए घर में उपयोग करने की एक मार्गदर्शिका

नॉर्थ कैरोलीना पब्लिक स्कूल में 8वीं कक्षा सामाजिक अध्ययन

## पाठ्यक्रम की रूपरेखा

**पाठ्यक्रम की समाप्ति पर, मेरा बच्चा यह सीख जाएगा...**

- इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, सरकार और संस्कृति से संबंधित प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों के परीक्षण के माध्यम से सहायक और दमदार प्रश्न कैसे बनाएँ।
- उन प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों के साक्ष्य के माध्यम से एक से अधिक दृष्टिकोणों में भेद और स्रोतों की विश्वसनीयता का मूल्यांकन कैसे करें जो इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, सरकार, और संस्कृति से संबंध रखते हैं।
- इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, सरकार और संस्कृति से संबंध रखने वाले प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों का उपयोग करके एकाधिक दावों से तर्क कैसे तैयार करें।
- निम्न का परीक्षण करके व्यक्ति और सामूहिक मूल्य और विश्वासों ने विभिन्न संस्कृतियों पर किस प्रकार प्रभाव डाला है:
    - विभिन्न आधुनिक समाजों में सांस्कृतिक तत्वों के बीच समानताएँ और असमानताएँ।
    - मूल्य और विश्वास किस प्रकार लोगों के भिन्न समूहों के लिए मानवाधिकार, न्याय, और समानता को प्रभावित करते हैं।
    - व्यक्ति और समूह किस ढंग से विभिन्न समाजों में रूढ़ियों, उत्पीड़न, मानवाधिकारों के उल्लंघन और नरसंहार पर प्रतिक्रिया करते हैं
- निम्न परीक्षण करके, आधुनिक सरकारी व्यवस्थाएँ किस प्रकार संघर्ष और परिवर्तन के संदर्भ में कार्य करती हैं
    - सरकार की शक्ति और अधिकारों के कारण निर्मित संघर्ष ने कैसे एक सामाजिक बदलाव ला दिया, इसके उदाहरण
    - धार्मिक और धर्मनिरपेक्ष विचारों के बीच विवाद के उदाहरण
    - आधुनिक समाजों में सरकार के बदलावों के उदाहरण
    - विभिन्न विचारों के उदाहरण जिन्होंने आधुनिक राजनीतिक विचार को आकार दिया
- निम्न का परीक्षण करके आधुनिक समाजों और क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियाँ:
    - विभिन्न आर्थिक प्रणालियों की विशेषताएँ
    - राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक निर्णय समाजों की अंतर्निर्भरता को कैसे प्रभावित करते हैं
    - संसाधनों के लिए होड़ अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को किस प्रकार प्रभावित करती है
    - आर्थिक प्रणालियों ने किस प्रकार दुनिया भर में स्वदेशी जीवन शैली को बदला है और नागरिकों के जीवन को प्रभावित किया है
- निम्न का परीक्षण करके भौगोलिक कारक किस प्रकार समाजों पर प्रभाव डालते हैं:
    - जनसांख्यिकीय बदलाव और स्वैच्छिक और बलपूर्वक प्रवास के दबाव-खिंचाव के कारक
    - समाज में बदलाव क्यों आते हैं और पर्यावरण के अनुकूल बनते हैं
- निम्न का परीक्षण करके विभिन्न दृष्टिकोणों से ऐतिहासिक और वर्तमान घटनाओं का मूल्यांकन करने का तरीका:
    - आधुनिक विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण नए मोड़ों के प्रभाव
    - महिलाएँ, स्वदेशीय, नस्लीय और जातीय व्यक्ति और समूह जिन्होंने आधुनिक विश्व इतिहास को प्रभावित किया है
    - वैश्वीकरण द्वारा समाजों के प्रभावित होने के विभिन्न तरीकों के उदाहरण
    - विभिन्न दृष्टिकोणों से राष्ट्रों, क्षेत्रों और समूहों के बीच सहकारी प्रयासों और आम सहमति निर्माण की प्रभावशीलता
    - आधुनिक विश्व इतिहास में दासता, ज़ेनोफ़ोबिया, मताधिकार वंचितता, जातीयतावाद और असहिष्णुता ने व्यक्तियों और समूहों को कैसे प्रभावित किया है

# मुख्य शब्दावली

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | दमदार प्रश्न | सामाजिक अध्ययन का निर्माण करने वाले शैक्षणिक विषयों में समस्याओं और मुद्दों को हल करने वाले प्रश्न |
|  | प्राथमिक स्रोत | इसमें किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा बनाई गई ऐतिहासिक घटना का लेखा-जोखा शामिल है, जिसने उस घटना में भाग लिया या घटना को देखा हो |
|  | द्वितीयक स्रोत | किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा एकत्रित जानकारी जिसने किसी ऐतिहासिक घटना में भाग न लिया हो |
|   | अनशासनात्मक लेंस | इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, सरकार और संस्कृति से संबंधित विभिन्न दृष्टिकोणों से स्रोतों का परीक्षण |
|   | समर्थक प्रश्न | उन विवरणों, परिभाषाओं और प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित करें जिन पर सामाजिक अध्ययन विषयों (इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, सरकार और संस्कृति) के भीतर सामान्य सहमति है |
|  | विश्लेषण | किसी विचार को अवधारणाओं या भागों में विभाजित करना |
|  | केंद्रीय विचार | इससे संदर्भित रखता है कि पाठ या स्रोत मुख्य रूप से किस बारे में है |
|   | अनुमान | साक्ष्य और तर्क के आधार पर किसी बात का अनुमान लगाना। |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
| --- | --- | --- |
|  | वैषम्य | दो या अधिक उदाहरणों के बीच अंतर बताना। |
|  | तुलना करना | दो या अधिक उदाहरणों के बीच समानताएँ बताना |
|  | मूल्यांकन करना | महत्व, मूल्य या "स्थिति" या "मूल्य" का परीक्षण करना और उस पर राय बनाना। |
|  | मूल स्रोत | अस्तित्व की पहली स्थिति; शुरुआत या कोई बात जिससे कोई भी वस्तु उत्पन्न होती है। |
|  | प्राधिकार | स्रोत के रचियता की वैधता या विश्वसनीयता है। |
|  | संरचना | स्रोत की जानकारी के बीच व्यवस्था और संबंध है |
|  | विश्वसनीयता | विश्वसनीय, निष्पक्ष और साक्ष्य के साथ सूचना का समर्थन किया गया है |
|  | विश्वस्तता | भरोसेमंद, सिद्धांतों, तर्कों, चर्चाओं और मज़बूत साक्ष्यों के आधार पर पूर्णता के साथ विश्वसनीय होना |
|  | दावा | कहना कि कोई बात सच है या एक तथ्य है, हालाँकि आप इसे साबित नहीं कर सकते हैं और हो सकता है अन्य लोग इस पर विश्वास न करें |

**RETHINK EDUCATION**
North Carolina Department of Public Instruction

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | प्रतिदावा | ऐसे बयान जो दावों को चुनौती देते हैं या उनका जवाब देते हैं, ऐसे साक्ष्यों का उपयोग करते हैं जो किसी दावे का खंडन करते हैं |
|  | साक्ष्य | दावे का समर्थन करने के लिए उपयोग किया गया डेटा |
|  | एकाधिक दृष्टिकोण | विभिन्न दृष्टिकोणों या परिप्रेक्ष्यों से एकाधिक प्रवृत्तियों को देखने का एक तरीका |
|  | स्रोत | कोई व्यक्ति या वस्तु जो जानकारी प्रदान करे |
|  | जानकारी से जुड़ी कार्रवाई | नागरिक सहभागिता का एक साधन जिसमें व्यक्ति या लोगों के समूह किसी सामाजिक या राजनीतिक प्रश्न के उत्तर देने के लिए किसी प्रकार की कार्रवाई करते हैं |
|  | नागरिक दृष्टिकोण | एक प्रक्रिया जिसमें लोग सार्वजनिक चिंता का हल करने के लिए सामूहिक कार्रवाई करते हैं |
|  | कार्य करना | सीखी गई बातों को नागरिक कार्रवाई में लागू करना |
|  | देशज | कोई वस्तु या व्यक्ति, जो किसी क्षेत्र का मूल हो या जो स्वाभाविक रूप से वहाँ से संबंध रखता हो |

**RETHINK EDUCATION**
North Carolina Department of Public Instruction

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | संस्कृति | एक पीढ़ी से अगली पीढ़ी को हस्तांतरित किए गए नियम और कानून |
|  | धर्म | भगवान या भगवानों में विश्वास और वे गतिविधियाँ जो इस विश्वास के साथ जुड़ी हों |
|  | धर्मनिरपेक्षता | धर्म और धार्मिक विचारों के प्रति उदासीनता या उनका बहिष्करण |
|  | मानक | नियम या अपेक्षाएँ, जिन्हें सामाजिक रूप से लागू किया जाता है। |
|  | धर्मनिरपेक्ष | प्रकट या विशेष रूप से धार्मिक नहीं |
|  | व्यापार | किसी खरीदार द्वारा विक्रेता को भुगतान किए गए मुआवज़े के साथ, या पक्षों के बीच वस्तुओं या सेवाओं के आदान-प्रदान के साथ वस्तुओं और सेवाओं की खरीद और बिक्री से जुड़ी बुनियादी आर्थिक अवधारणा |
|  | सिल्क रोड | प्राचीन और मध्य युग में पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले व्यापारिक मार्गों का महत्वपूर्ण नेटवर्क |
|  | प्रवसन | लोगों या जानवरों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | दबाव-खिंचाव घटक | बल या परिस्थितियाँ, जो लोगों को या तो स्थान की ओर या उनसे दूर ले जाती हैं, उदाहरण के लिए, पर्यावरण की परिस्थितियाँ और जनसांख्यिकीय रुझान |
|  | क्रूसेड | वे मुस्लिम जो पवित्र भूमि वापस ईसाइयों के लिए मुक्त कराने के अभियान का हिस्सा थे। पोप अर्बन II द्वारा चाहा गया एक अभियान |
|  | ब्यूबोनिक प्लेग | संक्रमित पिस्सु, जिनके वाहक चूहे थे, उनके द्वारा मुख्य रूप से मनुष्यों में फैलने वाला संक्रमण, इसे ब्लैक डेथ भी कहा जाता है |
|  | वैश्वीकरण | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के माध्यम से सरकारों, संस्कृतियों और वित्तीय बाज़ारों को एक ही विश्व बाज़ार में एकीकृत करने की प्रक्रिया |
|  | पुनर्जागरण काल | पुनर्जन्म, कलात्मक रचनात्मकता और राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक बदलाव वाला सभ्यता का समय |
|  | सुधार | कैथोलिक चर्च का दो हिस्सों में टूटना, जिससे एक नए प्रकार के ईसाई धर्म का जन्म हुआ |
|  | प्रोटेस्टेंट सुधार | 1500 के दशक में धार्मिक सुधार आंदोलन फैल गया, क्योंकि कैथोलिक चर्च से बाहर बाइबिल को सुलभ बना देने वाले प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार हुआ। |
|  | मानवतावाद | शिक्षा और विचार की एक प्रणाली विकसित हुई |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
| --- | --- | --- |
|  | खोजी | किसी अपरिचित क्षेत्र को खोजने वाला व्यक्ति |
|  | कान्क्विस्टाडोर | वह जो जीतता है, अमेरिका में स्वदेशी संस्कृतियों की विजय के स्पेनिश नेतृत्वकर्ता के रूप में भी जाना जाता है |
|  | औपनिवेशीकरण | लोगों का एक नया समूह उत्तरी अमेरिका में जा बसा, जिसने कब्जा करके स्वदेशी लोगों पर नियंत्रण जमाना शुरू कर दिया |
|  | पूंजीवाद | वह प्रणाली जहाँ किसी देश की अर्थव्यवस्था को निजी कंपनियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिसका सरकार या मजदूरों द्वारा विरोध किया जाता है |
|  | वाणिज्यवाद | वह आर्थिक दर्शन, जिसमें सरकार मुक्त व्यापार को प्रतिबंधित करते हुए, अपनी अर्थव्यवस्था का उपयोग राजनीतिक शक्ति को विस्तृत करने में करती है |
|  | औद्योगिक क्रांति | माल के निर्माण और परिवहन में बदलाव। |
|  | औद्योगीकरण | मशीनों, तकनीक, कारख़ानों, और शहरों को शामिल करने वाली प्रक्रिया। |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | अर्थव्यवस्था | कीमती चीज़ों को बनाने और उनका व्यापार करने की प्रणाली |
|  | साम्राज्यवाद | एक शक्तिशाली राष्ट्र अपनी स्वयं की सरकार स्थापित करता है और अन्य प्रांतों और क्षेत्रों पर सीधे नियंत्रण बनाए रखता है। |
|  | उपनिवेशवाद | किसी विदेशी सत्ता के उपनिवेशकों द्वारा अन्य लोगों या क्षेत्रों पर पूर्ण या आंशिक राजनैतिक और आर्थिक नियंत्रण करने की नीति या प्रथा |
|  | कोलंबियाई विनिमय | पुराने और नए संसार के बीच माल, विचारों, और संसाधनों का विनिमय |
|  | त्रिकोणीय व्यापार | विकसित हुआ एक व्यापार नमूना जिसने यूरोप, अफ्रीका, और अमेरिका को जोड़ा |
|  | मिडिल पैसेज | एक डरावना व्यापार मार्ग, जिसके ज़रिए अफ्रीकियों को कैद करने के बाद, गुलाम बनाकर नए संसार में ले जाया जाता था |
|  | बलपूर्वक किया जाने वाला स्थानांतरण | बलपूर्वक विस्थापन या अनैच्छिक आप्रवासन |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | आप्रवासन | किसी व्यक्ति द्वारा अपनी राष्ट्रीयता के देश या सामान्य रहवासी देश से अलग किसी और देश में चले जाने की क्रिया |
|  | अप्रवासी | वह व्यक्ति जो अपनी राष्ट्रीयता के देश या सामान्य रहवासी देश से अलग किसी देश में चला जाता है |
|  | सांस्कृतिक विसरण | इसमें लोगों के एक समूह से दूसरे समूह तक सांस्कृतिक विश्वासों और सामाजिक गतिविधियों का प्रसार शामिल होता है |
|  | स्वदेशीय संस्कृतियाँ | वे लोग और प्रथाएँ, जो पारंपरिक रूप से किसी क्षेत्र से संबंधित होती हैं और उनका उस क्षेत्र में रहने का लंबा इतिहास होता है |
|  | पक्षपात | किसी व्यक्ति या वस्तु का अनुचित ढंग से समर्थन या विरोध करना |
|  | भेदभाव | लोगों या वस्तुओं की विभिन्न श्रेणियों के प्रति अन्याय या पूर्वाग्रही व्यवहार, विशेषकर जाति, उम्र या लिंग के आधार पर |
|  | गुलामी | वह परिस्थिति जिमसें किसी व्यक्ति को बलपूर्वक दास बनाया जाता है और खास तौर पर, एक मनुष्य पर दूसरे मनुष्य का स्वामित्व रहता है |
|  | असहिष्णुता | किसी व्यक्ति के स्वयं से भिन्न विचारों, विश्वासों या व्यवहार को स्वीकार करने की अनिच्छा है |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | एन्कोमिएन्डा | स्पेनिश राजा या रानी द्वारा दिया गया अनुदान, जो किसी व्यक्ति को एक परिभाषित क्षेत्र में मूल निवासियों से वसूली और बलपूर्वक श्रम की माँग करने की अनुमति देता है |
|  | क्रांति | एक सरकार को उखाड़ फेंकना और दूसरी सरकार से उसे बदल देना |
|  | संविधान | जिस ढंग से एक सरकार, राज्य, या समाज का संगठन किया जाता है |
|  | पश्चिमोन्मुख विस्तार | अमेरिका के पश्चिम में उपनिवेशियों, कृषि और उद्योग का 19वीं सदी का आंदोलन था |
|  | गृह युद्ध | एक ही देश के गुटों या क्षेत्रों के बीच युद्ध |
|  | पुनर्निर्माण | गृह युद्ध के बाद की अवधि है जब दक्षिणी राज्यों को अमेरिका में पुनर्गठित किया गया था। |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | विश्व युद्ध I | एक अंतरराष्ट्रीय संघर्ष जिसने 1914-18 में रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, मध्य पूर्व और अन्य क्षेत्रों के साथ यूरोप के अधिकांश देशों को उलझा दिया |
|  | विश्यव्यापी मंदी | 1929 और 1939 के बीच एक गंभीर विश्वव्यापी आर्थिक मंदी आई थी जो अमेरिका में स्टॉक की कीमतों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुई थी |
|  | विश्व युद्ध II | एक अंतरराष्ट्रीय संघर्ष जिसमें 1939-45 के दौरान, मित्र देशों और धुरीय शक्तियों के बीच दुनिया का लगभग हर हिस्सा शामिल था |
|  | शीत युद्ध | अमेरिका और सोवियत संघ के साथ-साथ उनके सहयोगियों, पश्चिमी ब्लॉक और पूर्वी ब्लॉक के बीच भू-राजनीतिक तनाव की अवधि थी |
|  | नागरिक अधिकार | जाति, धर्म या अन्य व्यक्तिगत विशेषताओं की परवाह किए बिना, कानून के तहत समान सामाजिक अवसरों और समान सुरक्षा की गारंटी |
|  | सूचना युग | औद्योगिक क्रांति द्वारा स्थापित पारंपरिक उद्योग से, ऐसी अर्थव्यवस्था में बदलाव जो मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित है |

| दृश्य | शब्द | परिभाषा |
|---|---|---|
|  | आतंकवाद | राजनीतिक उद्देश्यों की खोज में, हिंसा और धमकी का गैरकानूनी उपयोग, विशेष रूप से आम लोगों के विरुद्ध |

# कार्य के दौरान सीखना: कक्षा स्तर वाले कौशल

## कक्षा स्तर वाले कौशल के उदाहरण

- व्यक्तिगत रूप से और अन्य साथियों के साथ मिलकर, अनुशासनात्मक दृष्टि से बेहतर समर्थक प्रश्न तैयार करें
- अनुशासनात्मक अवधारणाओं के आधार पर, स्रोतों का मूल्यांकन करके, समर्थक प्रश्न तैयार करें
- अनुशासन विशिष्ट रणनीतियों का उपयोग करके स्रोतों के विवरण, केंद्रीय विचारों और निष्कर्षों का विश्लेषण करें
- चयन की दृष्टि से बेहतर दावे और साक्ष्यों के आधार पर, स्रोतों की उत्पत्ति, प्राधिकार, संरचना, विश्वसनीयता, विश्वस्तता, और संदर्भ का उपयोग करते हुए, प्राथमिक और द्वितीयक स्रोतों की विश्वसनीयता का आकलन करें
- उस प्रमाण को पहचानें, जो कई अलग-अलग दृष्टिकोणों से जानकारी प्राप्त करता हो
- एकाधिक स्रोतों से संचार से जुड़े विचारों के आधार पर, साक्ष्य का उपयोग करके दावे और प्रतिदावे करें, साथ ही दोनों की खूबियों और सीमाओं के बारे में बताएँ
- स्रोतों के साक्ष्य और अनुशासनात्मक विवरण पर ध्यान देते हुए, एकाधिक दावों के साथ तर्क दें
- समर्थक और विरोधी दृष्टिकोणों के आधार पर, प्रतिक्रियाएँ दें और साक्ष्यों का ध्यान रखें
- जानकारी के आधार पर निर्णय लेते समय साथियों के अनुशासनात्मक तर्कों की विश्वसनीयता निर्धारित करें
- स्थानीय, राज्य, जनजातीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, और/या वैश्विक मुद्दों से जुड़ी समस्याओं का हल करने में आने वाली चुनौतियों और अवसरों की पहचान करें
- जाँच की जा रही समस्याओं को हल करने के लिए विविध नागरिक दृष्टिकोणों पर विचार करें

# संसाधन

आपके बच्चे को सीखने में सहयोग करने में आपकी मदद करने के लिए लिंक और ऑनलाइन संसाधन।

| दस्तावेज़ का शीर्षक और लिंक | वर्णन |
|---|---|
| ANCHOR ए नॉर्थ कैरोलिना हिस्ट्री ऑनलाइन रिसोर्स | पूर्व में NCPedia के रूप में ज्ञात, यह उत्तरी कैरोलीना का एक ऑनलाइन इतिहास है, जिसका रखरखाव NC स्टेट लाइब्रेरी द्वारा किया जाता है। |
| C3 शिक्षक | सभी पूछताछ डिज़ाइन सामग्री समर्थन का स्रोत, जिसमें पूछताछ का बढ़ता हुआ डेटाबेस शामिल है |
| CarolinaK12 | 8वीं कक्षा के सामाजिक अध्ययन पाठों और संसाधनों का एक डेटाबेस। |
| GoOpenNC | 8वीं कक्षा के सामाजिक अध्ययन पाठों और संसाधनों का एक डेटाबेस |

| दस्तावेज़ का शीर्षक और लिंक | वर्णन |
|---|---|
| यूसी-बर्कले इतिहास-सामाजिक विज्ञान परियोजना | कैलिफ़ोर्निया राज्य में सामाजिक अध्ययन मानकों के लिए, लेकिन हमारे उत्तरी कैरोलीना मानकों के पूछताछ कौशल के मजबूत संबंध के साथ विकसित किए गए पाठ। |
| मिशन यूएस | इंटरेक्टिव गेम की एक श्रृंखला जो अमेरिकी इतिहास में विशिष्ट मुद्दों को सिखाती है। सामग्री, न्यूयॉर्क PBS स्टेशन द्वारा बनाई गई है और उच्च गुणवत्ता वाली और निःशुल्क दोनों है। |
| EVERFI | अर्थशास्त्र, वित्तीय साक्षरता और सांस्कृतिक साक्षरता में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए एक मुफ़्त स्रोत। |
| Google My Maps | जानकारी के सामग्री-समृद्ध भौगोलिक प्रतिनिधित्व के निर्माण के लिए, छात्रों के हिसाब से एक बढ़िया टूल। (लिंक MyMaps को सेट करने और उपयोग करने के लिए GoOpen पाठ से कनेक्ट करता है) |
| लेखन संरेखण | तर्क बनाने के लिए स्रोतों से साक्ष्य खोजने और उनका उपयोग करने में विद्यार्थियों की सहायता करने के लिए "फ्लो चार्ट"। |

# घरेलू कनेक्शन

अभिभावक प्रत्येक इकाई को सामाजिक अध्ययन के निम्नलिखित पहलुओं से जोड़ सकते हैं और इन प्रश्नों को उठा सकते हैं, क्योंकि यह इतिहास को वर्तमान समय से जोड़ता है। आप समाचार लेखों और मल्टीमीडिया स्रोतों का उपयोग और समावेश कर सकते हैं जो वर्तमान घटनाओं को दर्शाते हैं। यहाँ प्रश्नों के नमूने दिए गए हैं:

| पहलू | सुझाए गए आकलन प्रश्न |
|---|---|
| व्यवहार विज्ञान | • इस समय के दौरान, विभिन्न समूहों ने संस्कृति और समाज के विकास में कैसे योगदान दिया है?<br>• आपके विचार से इस दौरान लोगों को कैसा लगा होगा? |
| नागरिक शास्त्र और सरकार | • इस अवधि में सरकार के प्रकार का वर्णन करें और बताएं कि लोगों के जीवन पर इसका क्या प्रभाव पड़ा।<br>• इस समय में लोगों पर किस प्रकार शासन किया जाता था?<br>• सुधार अर्जित करने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?<br>• सरकार ने लोगों के जीवन को कैसे बेहतर या बदतर बनाया? |
| अर्थशास्त्र | • इस समयावधि में आर्थिक विकास या मंदी का क्या कारण था?<br>• लोग सामान किस प्रकार खरीदते, बेचते, या उसका व्यापार करते थे?<br>• इस समय के दौरान, लोग किस प्रकार की नौकरियाँ या काम करते थे? |
| भूगोल | • इस समयावधि में लोग एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में क्यों आए और चले गए?<br>• आप कैसे और कहाँ रहते हैं, इस पर भूगोल कैसे प्रभाव डालता है?<br>• भूमि में ऐसा क्या है जिसकी आवश्यकता इस समय के दौरान लोगों को जीवित रहने के लिए थी? |

| पहलू | सुझाए गए आकलन प्रश्न |
|---|---|
| इतिहास | • इतिहास की इस समयावधि को संघर्ष और समझौते ने किस प्रकार आकार दिया है?<br>• भूतकाल का इतिहास वर्तमान में हमें कैसे प्रभावित करता है?<br>• इस समयावधि में नवाचार कैसे बदल गया है? |

# अनुमानित चुनौतियाँ

सामाजिक अध्ययन में, विद्यार्थी के लिए शिक्षण को शिक्षण से जुड़ी योजनाओं के अनुसार संगठित किया जाता है। शिक्षण से जुड़ी योजनाओं का उद्देश्य पूछताछ-संचालित, विद्यार्थी-सुलभ दस्तावेज़ उपलब्ध कराना है जो विद्यार्थियों को शिक्षण की किसी भी तरह की व्यवस्था में उपलब्ध कराए जा सकते हैं। उन्हें ऐसे डिजिटल दस्तावेज़ बनाने का उद्देश्य है जिन्हे Canvas के माध्यम से वितरित, एकत्र, और वर्गीकृत किया जा सके। एक शिक्षण योजना का सफलतापूर्वक पूरा होना, शिक्षण योजना के लिए सूचित मानकों की प्रवीणता को प्रदर्शित करता है और इसे विद्यार्थी शिक्षण के प्रमाण के रूप में देखा जा सकता है। वे सप्ताह या इकाई के दौरान, शिक्षा का एकमात्र स्रोत होने के लिए अभिप्रेत नहीं हैं, बल्कि एक प्रारूप मात्र के रूप में कार्य करते हैं जिसके इर्द-गिर्द सभी पाठ बनाए जाते हैं। पाठ में प्राथमिक स्रोतों के उपयोग को शामिल किया गया है और विद्यार्थियों को सामग्री को पढ़ने, विश्लेषण करने, संश्लेषित करने और समझने की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों के सामने एक चुनौती प्राथमिक स्रोतों को पढ़ने में हो सकती है, क्योंकि उन्हें हाई स्कूल/कॉलेज के स्तर पर लिखा गया है। इस चुनौती से निपटने के लिए, विद्यार्थियों से पाठ को मुख्य विचारों के लिए हाइलाइट करने के लिए कहें। अन्य चुनौतियों में, नक्शे पर विशेषताओं की पहचान करने की क्षमता शामिल हो सकती है। सभी मानचित्रों में कुंजियाँ होती हैं, जो विद्यार्थियों को तत्वों को ठीक से पहचानने, समझने और उनके विश्लेषण में सहायता करने के लिए जानकारी प्रदान करती हैं। अंत में, बहुत ज़्यादा जानकारी की वजह से, कई विद्यार्थियों के लिए इतिहास भारी हो सकता है। जानकारी को प्रबंधनीय इकाइयों में प्रबंधित और विभाजित करने में सहायता के लिए, विद्यार्थियों से समय-सारिणी और ग्राफ़िक ऑर्गेनाइज़र का उपयोग करने को कहें।

# अपने बच्चे के शिक्षक के साथ बातचीत करना

अब भी रुकावट महसूस कर रहे हैं? अपने बच्चे के शिक्षण को प्रोत्साहन देने के लिए आप क्या कर सकते हैं इसकी चर्चा करने के लिए अपने बच्चे के शिक्षक से संपर्क करें। कुछ प्रश्न जो आपकी चर्चा में मार्गदर्शन कर सकते हैं:

- आप किन संसाधनों का सुझाव देंगे, जिनका उपयोग मैं अपने बच्चे की सहायता करने में करूँ?
- आप मेरे बच्चे को कहाँ संघर्ष करता हुआ देखते हैं? सहायता करने के लिए हम साथ में क्या कर सकते हैं?
- मेरे बच्चे को घर पर क्या अभ्यास करना चाहिए?
- मेरे बच्चे की सीखने में सहायता करने के लिए, हम साथ में कौन-सा सामूहिक संदेश भेज सकते हैं?
- मैं पिछली ऐतिहासिक घटनाओं को वर्तमान से कैसे जोड़ सकता हूँ?

**तकनीकी सहायता चाहिए?**

तकनीकी सहायता के लिए, अपने विद्यार्थी के होम स्कूल से संपर्क करें। डिवाइस (PC, Mac, Chromebook, इत्यादि) और ब्राउज़र (Chrome, Firefox, Safari, इत्यादि) के प्रकार शामिल करें।